लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 22 May 2023

**i-NEXT PAGE 3**

## हर हास्टल में होगा शिकायत रजिस्टर

LUCKNOW (21 May): लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावासों में अब एक शिकायत रजिस्टर रखा जाएगा. किसी भी छात्र या छात्रा को कोई कोई समस्या है तो उसमें लिख सकेंगे. उसका जल्द निवारण भी कराया जाएगा. प्रत्येक छात्रावास में एक मानीटरिंग कमेटी भी बनेगी, जिसमें वहां के छात्रों को भी शामिल किए जाएंगे. अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) ने कमेटी रूम में चीफ प्रोवोस्ट, प्रोवोस्ट, सहायक प्रोवोस्ट सहित सभी प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए. बैठक में दो दिनों तक छात्रावासों में निरीक्षण की रिपोर्ट पर चर्चा हुई. कहीं पाइप टूटने तो कहीं अन्य कमियां पाई गईं. टीम ने कमियों के साथ सुझाव भी दिए. डीएसडब्ल्यू ने प्रो. पूनम टंडन ने समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए. हर हास्टल में 15 दिन पर फागिंग कराई जाएगी. जहां वाटर कूलर की और जरूरत हो, उसे लगाए जाने, शौचालयों की साफ सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए गए. कैंटीन में पीने के पानी की व्यवस्था बेहतर करने के लिए फिल्टर लगाने, कैंपस के सार्वजनिक क्षेत्र में अतिरिक्त कूलर लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं.

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू के दस छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई प्लेसमेंट ड्राइव में बीकॉम के 10 छात्र-छात्राओं का इंफोसिस में नौकरी मिली है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग के बाद से सभी क्षेत्रों से उच्च प्रतिष्ठा वाली मल्टीनेशनल कंपनियों ने विश्वविद्यालय का दौरा किया है। डीन प्रो. एके सिंह, प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि 2.45 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।

## बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि लगातार विषय सेमेस्टर के परिणाम जारी किए जा रहे हैं। रविवार को बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। छात्र अपना परिणाम देख सकते हैं।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : 10 छात्रों का इंफोसिस में चयन

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीकॉम के 10 छात्र-छात्राओं का इंफोसिस कंपनी में चयन हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि रोहित कुमार, तान्या सिंह, अभिषेक कुमार, उन्नति श्रीवास्तव, शिवम सिंह, आशुतोष कुमार, आयुष अग्रवाल, चित्रांगदा सिंह चौहान, दिव्या सिंह और पीयूष सिंह का प्लेसमेंट बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.45 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिलने के बाद से उच्च प्रतिष्ठा वाली मल्टीनेशनल कंपनियों ने विवि का दौरा किया हैं और छात्रों को शानदार पैकेज की पेशकश की है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## 10 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीकाम के 10 छात्र-छात्राओं का इंफोसिस कंपनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। रविवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों के प्लेसमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग के बाद से सभी डोमेन क्षेत्रों से उच्च प्रतिष्ठा वाली मल्टीनेशनल कंपनियों ने विश्वविद्यालय का दौरा कर सर्वश्रेष्ठ छात्रों को शानदार पैकेज की पेशकश की है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीकाम के रोहित कुमार, तान्या सिंह, अभिषेक कुमार, उन्नति श्रीवास्तव, शिवम सिंह, आशुतोष कुमार, आयुष अग्रवाल, चित्रांगदा सिंह चौहान, दिव्या सिंह और पीयूष सिंह में चयनित हुए हैं। बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.45 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज का आफर मिला है।

**JAGRAN CITY PAGE III**

# सीनियर प्रोफेसर बनने का रास्ता साफ

### यूजीसी ने हटाई 10 प्रतिशत की बाध्यता, लवि देगा प्रोफेसरों को आवेदन का मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर तैनात शिक्षकों के सीनियर प्रोफेसर बनने का रास्ता साफ हो गया है। अभी तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से कुल प्रोफेसरों में से सिर्फ 10 प्रतिशत की ही प्रोन्नति सीनियर प्रोफेसर पर किए जाने की बाध्यता लगाई थी, जिसकी वजह से लगभग सभी विश्वविद्यालयों में मामला फंसा हुआ था। अब यूजीसी ने इसे हटा लिया है। हाल ही में हुई सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इसकी जानकारी भी साझा की थी। अब जल्द ही विश्वविद्यालय सीनियर प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगा।

दरअसल, यूजीसी 2019 के आर्डिनेंस में कहा गया था कि कुल प्रोफेसरों के पदों में से 10 प्रतिशत को ही सीनियर प्रोफेसर पद पर नियुक्ति दी जाएगी। इस वजह से पूरे देश के विश्वविद्यालयों में मामला फंस गया। कहीं भी प्रक्रिया नहीं बढ़ी। यूजीसी ने 10 प्रतिशत की बाध्यता हटा दी है। अब कम से कम 10 साल का प्रोफेसर पद पर अनुभव, रिसर्च पब्लिकेशन एवं अन्य निर्धारित योग्यता पूरी करने वाले प्रोफेसर सीनियर प्रोफेसर के लिए आवेदन कर सकेंगे। कुलपति की ओर से इस संबंध में हरी झंडी मिल गई है। अगले सप्ताह इसके लिए आवेदन मांगे जाएंगे। चयन समिति द्वारा योग्य पाए जाने वाले सभी प्रोफेसर सीनियर प्रोफेसर बन सकेंगे। लवि में 378 शिक्षकों में करीब 150 प्रोफेसर हैं।



### 12 हजार एनुअल ग्रेड पे

यूजीसी के नियम में 12 हजार तक एजीपी भी दिए जाने का प्रविधान है। इसलिए प्रोफेसर पद पर रहते हुए एजीपी-12 हजार की योग्यता रखने वालों को सीनियर प्रोफेसर में यह ग्रेड पे भी मिल सकेगा।

## हर हास्टल में रखा जाएगा शिकायत रजिस्टर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावासों में अब एक शिकायत रजिस्टर रखा जाएगा। किसी भी छात्र या छात्रा को कोई कोई समस्या है तो उसमें लिख सकेंगे। उसका जल्द से जल्द निवारण भी कराया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास में एक मानीटरिंग कमेटी भी बनेगी, जिसमें वहां के छात्रों को भी शामिल किए जाएंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) ने कमेटी रूम में चीफ प्रोवोस्ट, प्रोवोस्ट, सहायक प्रोवोस्ट सहित सभी प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए। बैठक में दो दिनों तक छात्रावासों में निरीक्षण की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। कहीं पाइप टूटने तो कहीं अन्य कमियां पाई गईं। टीम ने कमियों के साथ सुझाव भी दिए। डीएसडब्ल्यू ने प्रो. पूनम टंडन ने समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। हर हास्टल में 15 दिन पर फागिंग कराई जाएगी। जहां वाटर कूलर की और जरूरत हो, उसे लगाए जाने, शौचालयों की साफ सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए गए। कैंटीन में पीने के पानी की व्यवस्था बेहतर करने के लिए फिल्टर लगाने, कैंपस के सार्वजनिक क्षेत्र में अतिरिक्त कूलर लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### प्रोफेसर पद तक ही दी गई प्रोन्नति

लवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे पहले असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज-1 पर नियुक्ति होती है। यदि उनके पास पीएचडी डिग्री है तो चार साल में स्टेज-2 पर प्रोन्नति मिलती है। फिर उस पर पांच साल काम करने के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज तीन पर प्रोन्नति दी जाती है। इस पद पर भी तीन वर्ष काम करने और सभी योग्यता पूरी करने वाले शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर बनते हैं। यहां से तीन वर्ष और काम करने तथा योग्यता पूरी होने पर स्टेज पांच में प्रोफेसर बनते हैं। इन्हें एनुअल ग्रेड पे (एजीपी) 10 हजार तक ही मिलता है।

## 30 से बीयूएमएस व एमबीए की परीक्षाएं

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए व बीयूएमएस की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 30 मई से शुरू होंगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से विस्तृत समय सारिणी देख सकते हैं।

डिपार्टमेंट आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में संचालित एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मई से नौ जून तक चलेंगी। इसका समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। वहीं, बीयूएमएस द्वितीय प्रोफेशनल की परीक्षा 30 मई से 10 जून, फाइनल प्रोफेशनल (बैक) की परीक्षा 30 मई से 17 जून, बीयूएमएस प्रथम प्रोफेशनल (बैक) की परीक्षा 31 मई से 12 जून और तीसरे प्रोफेसनल की परीक्षाएं 31 मई से 14 जून तक आयोजित की जाएंगी। इनका समय भी सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

**RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5**

# प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में पढ़ाएंगे अयोध्या का उत्खनन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने वीए, एनईपी के चतुर्थ सेमेस्टर के आठवें पेपर फील्ड आर्कियोलॉजी के चौथे यूनिट में अयोध्या के उत्खनन को सम्मिलित किया है। इसी के साथ अन्य प्राचीन स्थल भीम वेटका, कालीवंगा और हस्तिनापुर के उत्खनन को भी शामिल किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार और अयोध्या के वैश्विक स्तर पर चर्चा होने के चलते लखनऊ विश्वविद्यालय प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग भी इस कोर्स को शामिल करके फुटेज पा रहा है।

**बीए चतुर्थ सेमेस्टर के आठवें पेपर फील्ड आर्कियोलॉजी के चौथे यूनिट में है शामिल**

विभाग के शिक्षकों का कहना है कि अयोध्या उप्र में स्थित एक प्राचीन नगर का उल्लेख रामायण, महाभारत तथा विभिन्न पुराणों में मिलता है। पुराणों के अनुसार इस नगर को इक्ष्वाकु वंश के मनु ने वसाया था। उसके वाद उनकी पीढ़ी में दशरथ, राम आदि ने शासन किया। उत्खनन में यहां से उपरोक्त कालों से सम्वंधित मृदभांड, मृण्मूर्तियां, पाषाण मूर्तियां, अभिलेख, मोहरे एवं मुद्रा छाप और सिक्के आदि प्राप्त हुए है। वाद के ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि अयोध्या जो कि कौशल के नाम से विख्यात थी, वाद में इसके दो भाग कर दिए गए - उत्तर कोसल और दक्षिण कोसल।

उत्तर कोसल की राजधानी श्रावस्ती तथा दक्षिण कोसल की राजधानी कुशावती वताई गई है। रघुवंश में भी उल्लेख मिलता है। अलेक्जेंडर कनिंघम ने वताया कि अयोध्या का उल्लेख भी हुआ है। उन्होंने 1862-63 में अयोध्या का सर्वे करवाया था। 1889-91 के मध्य ए. फ्यूहरर ने भी अयोध्या का सर्वे किया था। अयोध्या में सवसे पहले सत्र 1969-1970 ई में काशी हिंदू विवि के अवध किशोर नारायण ने इसे 17वीं शताव्दी ईसा पूर्व से संवंधित वताया था।

**AMRIT VICHAR PAGE 4**

## लविवि : 10 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं का इंफोसिस कंपनी में कैंपस प्लेसमेंट हो गया। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा रविवार को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीकॉम के 10 छात्र व छात्राओं का चयन हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि इंफोसिस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में लखनऊ बीकॉम के 10 छात्र-छात्राओं में रोहित कुमार, तान्या सिंह, अभिषेक कुमार, उन्नति श्रीवास्तव, शिवम सिंह, आशुतोष कुमार, आयुष अग्रवाल, चित्रांगदा सिंह चौहान, दिव्या सिंह और पीयूष सिंह का प्लेसमेंट बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) के ट्रेनी पद पर चयन हुआ है।

## बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि लगातार विषय सेमेस्टर के परिणाम जारी किए जा रहे हैं। रविवार को बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। छात्र अपना परिणाम देख सकते हैं।

**VoL PAGE 6**

# लविवि के 10 छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीकॉम के 10 छात्र-छात्राओं का इंफोसिस कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ।



ि ा ि ा के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों के प्लेसमेंट पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग के बाद से, सभी डोमेन क्षेत्रों से उच्च प्रतिष्ठा वाली मल्टीनेशनल कंपनियों ने विश्वविद्यालय का दौरा किया हैं और हमारे सर्वश्रेष्ठ छात्रों को शानदार पैकेज की पेशकश की हैं।संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि चयनित छात्र उच्च नैतिकता के साथ जॉब में आने वाली चुनौतियों को स्वीकारेंगे और आर्गेनाइजेशन के लिए अच्छे एसेट्स साबित होंगे।प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि इंफोसिस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में लखनऊ बीकॉम के 10 छात्र-छात्राओं रोहित कुमार, तान्या सिंह, अभिषेक कुमार, उन्नति श्रीवास्तव, शिवम सिंह, आशुतोष कुमार, आयुष अग्रवाल, चित्रांगदा सिंह चौहान, दिव्या सिंह और पीयूष सिंह का प्लेसमेंट बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट बीपीएम ट्रेनी के पद पर अधिकतम 2.45 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।